# I. निविदा आमंत्रण सूचना

# I. NOTICE INVITING e-TENDER

संदर्भ संख्या.राबैं.झार क्षे.का /डीपीएसपी -31/11479/2026-27

Ref.No.NB. JHRO/DPSP- 31 /11479/2026-27 दिनांक /Date: 15-05-2026

(सीपीपी पोर्टल पर खुला निविदा)
(Open tender on CPP Portal)

महोदया/महोदय

Madam/Dear Sir,

**नाबार्ड अधिकारी आवास,एनएचएचसी, खेलगांव, रांची के ब्लॉक 19 और 20 में 4 यात्री लिफ्टों की नई स्थापना के लिए बाहरी सिविल और विद्युत कार्यों हेतु निविदा।**
**e-Tender for external civil and electrical work for new installation of 4 nos. passenger lifts in block 19 & 20 at NABARD'S Officers Quarters, NGHC, Khelgaon, Ranchi.**

1. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), भारत का शीर्ष विकास बैंक है, जिसकी स्थापना वर्ष 1982 में संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत कृषि एवं ग्रामीण विकास को सतत एवं न्यायसंगत रूप से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई थी। नाबार्ड अधिकारी आवास,एनएचएचसी, खेलगांव, रांची के ब्लॉक 19 और 20 में 4 यात्री लिफ्टों की नई स्थापना के लिए बाहरी सिविल और विद्युत कार्यों हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित करने का प्रस्ताव करता है।

   National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) is India's apex development bank, established in 1982 under an Act of Parliament to promote sustainable and equitable agriculture and rural development. NABARD intends to invite e-tenders in external civil and electrical work for new installation of 4 nos. passenger lifts in block 19 & 20 at NABARD'S Officers Quarters, NGHC, Khelgaon, Ranchi

2. निविदा दस्तावेज़ केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपीपी) https://eprocure.gov.in/eprocure/app में उपलब्ध है और नाबार्ड के वेबसाइट https://www.nabard.org से डाउनलोड कर सकते है। नाबार्ड द्वारा कोई भी भौतिक प्रति प्रदान नहीं की जाएगी और न ही नाबार्ड को भौतिक प्रति जमा की जाएगी।

   The tender document is available on Central Public Procurement Portal (CPPP) https://eprocure.gov.in/eprocure/app and on NABARD's website https://www.nabard.org for download. No physical copy shall be provided by NABARD and submitted to NABARD.

3. इच्छुक निविदाकर्ताओं को अपनी निविदाएँ दो भागों में अर्थात् तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली के रूप में, तकनीकी एवं वित्तीय बोलियों के समर्थन में आवश्यक सभी प्रासंगिक दस्तावेज़ों की duly हस्ताक्षरित स्कैन की गई प्रतियों के साथ, केवल CPPP वेबसाइट पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपलोड करनी होंगी। निविदाओं का मूल्यांकन निविदाकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुत की गई बोलियों के आधार पर किया जाएगा।

   The intending bidders shall upload their bids in two parts viz. Technical Bid and Financial Bid along with duly signed scanned copies of all relevant documents as required etc., in support of their technical & financial bids on the **website of CPPP only** within the prescribed time limit. The evaluation of tenders will be based on online bids submitted by the bidders.

4. यह ध्यान दिया जाए कि ई-निविदा को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा करने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं के पास CPPP में लॉगिन करने हेतु डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (DSC) होना अनिवार्य है। ई-बिड जमा करने के दौरान किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन, सहायता अथवा समर्थन की आवश्यकता होने पर बोलीदाताओं को CPPP के सपोर्ट सेंटर से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। नाबार्ड को जमा किए हुए निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है और भौतिक प्रतियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।

Please note that, to submit e-tender through electronic mode, interested bidders should have Digital Signature Certificates (DSC) to login to CPPP. In case of any further guidance, help, and support during submission of e-bids, bidders are advised to contact the support center of CPPP. There is no need for the submission of hard copies of the filled tender to NABARD and physical copied shall not be accepted.

5. तकनीकी बोली, वित्तीय बोली, प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया तथा कार्य के विवरण एवं दायरे व आवश्यक सेवाओं से संबंधित निर्देश निविदा दस्तावेज़ की शर्तों एवं नियमों तथा अन्य भागों में विस्तृत रूप से उल्लिखित हैं।

Instructions regarding Technical Bid, Financial Bid, submission process and description & scope of works and the services required have been elaborated in the Terms and Conditions and other parts of the tender document.

6. प्रारंभिक धनराशि (EMD) राशि ₹44,011.00/- (रुपये चवालीस हजार ग्यारह मात्र) आपके फर्म पर यदि लागू हो, तो नीचे उल्लिखित निर्दिष्ट खाते में जमा की जानी है। इसके संबंध में काउंटरफोइल/रसीद/लेनदेन विवरण/ई-बीजी/बीजी का विवरण निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। सफल बोलीदाता द्वारा परफ़ॉर्मेंस गारंटी जमा किए जाने पर उसकी ईएमडी (Earnest Money Deposit) वापस कर दी जाएगी, तथा अन्य बोलीदाता/बोलीदाताओं की ईएमडी वित्तीय बोली खोलने के बाद वापस कर दी जाएगी।

Earnest Money Deposit (EMD) of **Rs. 44,011.00/- (Rupees Forty-Four Thousand Eleven Only)** is to be paid to the designated account as mentioned below, if applicable to your firm. Counterfoil/receipt/transaction/e-BG/BG details for the same must be enclosed with the tender. No interest shall be paid on the EMD thus collected. EMD of the successful bidder will be refunded when performance guarantee will submit by the successful bidder and the EMD of other bidder/s shall be refunded after opening of financial bid.

| **खाते का नाम**<br>**NAME OF THE ACCOUNT** | **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक**<br>**NATIONAL BANK FOR AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT** |
|---|---|
| बैंक का नाम/BANK NAME | नाबार्ड/NABARD |
| शाखा/BRANCH NAME | प्रधान कार्यालय, मुंबई<br>HEAD OFFICE, MUMBAI |
| आईएफएस कोड/IFS CODE | **NBRD0000002** |
| वर्चुअल खाता संख्या<br>VIRTUAL ACCOUNT NUMBER (VAN) | **NABADMN38** |

7. ईएमडी (EMD) के बिना बोली को उस स्थिति में अस्वीकार किया जाएगा जब बोलीदाता, ईएमडी राशि से छूट के लिए पात्र न हो. यदि बोलीदाता ईएमडी से छूट का दावा करना चाहता है, तो उसे भारत सरकार की एमएसई (सूक्ष्म एवं लघु उद्यम) खरीद नीति के अंतर्गत एमएसई के रूप में पंजीकरण का दस्तावेजी प्रमाण या केंद्रीय खरीद संगठनों के साथ पंजीकरण अथवा स्वयं नाबार्ड के साथ पैनलबद्ध होने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। यदि कार्य एमएसई एजेंसी को प्रदान किया जाता है, तो बोलीदाता को कार्य आदेश जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर आईएसडी (ISD) राशि जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि के भीतर आईएसडी राशि जमा न करने की स्थिति में, विलंबित अवधि के लिए उक्त राशि पर आरबीआई द्वारा प्रचलित मौद्रिक नीति के अनुसार वर्तमान बैंक दर से ब्याज देय होगा। बोलीदाता यदि चाहें तो इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी भी जमा कर सकते हैं। निविदा प्रदान किए जाने की तिथि से 30 दिनों के भीतर आईएसडी राशि जमा न करने की स्थिति में, प्रदत्त कार्य/कार्यादेश निरस्त कर दिया जाएगा।

   The bids without EMD shall be rejected in case of bidder not eligible for exemption from EMD amount. If the bidder wants to claim EMD exemption, the bidder must submit documentary proof of registration as MSE (Micro and Small Enterprises) as defined in MSE Procurement Policy of Govt. of India or registration with Central Procurement Organizations or empaneled with NABARD itself. If work is awarded to the MSE agency, bidder has to submit ISD amount within 15 days from the date of issue of work order. In case of non-deposit of ISD amount within the stipulated time period, an interest amount @ current Bank Rate (as decided by RBI in prevailing Monetary Policy) will be levied for this amount for the delayed period. The bidder may submit the electronic Bank Guarantee if they choose so. Work Awarded will be withdrawn if the bidder fails to deposit ISD within 30 days of award of tender.

8. एक प्री-बिड बैठक नाबार्ड, झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय, जल टंकी के पास, बरियातू–बूटी रोड, रांची, झारखंड में दिनांक 21 मई 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। प्री-बिड बैठक में मांगी जाने वाली स्पष्टीकरण/जिज्ञासाएं लिखित रूप में हमारे कार्यालय के ई-मेल आईडी dpsp.ranchi@nabard.org पर, प्री-बिड बैठक की तिथि से कम से कम दो कार्य दिवस पूर्व भेजी जा सकती हैं। प्री-बिड बैठक में दिए गए स्पष्टीकरण भी निविदा दस्तावेज़ का भाग होंगे और इन्हें वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। नाबार्ड को आवश्यकता पड़ने पर प्री-बिड बैठक के पश्चात निविदा में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, तथा संशोधित विवरण वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। यदि कोई बोलीदाता प्री-बिड बैठक में ऑनलाइन माध्यम से भाग लेना चाहता है, तो वह इस संबंध में अनुरोध ई-मेल द्वारा भेज सकता है।

   A Pre-Bid meeting is scheduled to be held at NABARD, Jharkhand Regional Office, Near water tank, Bariatu-booty road, Ranchi, Jharkhand at 11 am on 21 May 2026, in the presence of Bank's officials. The clarifications being sought in the pre-bid meeting may be submitted in writing at our office mail id: dpsp.ranchi@nabard.org at least two working days prior to the date of the pre bid meeting. The clarifications given in the pre bid meeting will also form part of the tender document and will be uploaded to the website. NABARD reserves the right to revise the bid after pre-bid meeting, if required, and the same will be uploaded on the website. If any bidder wants to join the pre-bid meeting online, he may send request by email in this regard.

9. प्री-बिड बैठक की तिथि, बोलियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तथा तकनीकी बोली खोलने की तिथि निविदा की अनुसूची (Schedule of the Tender) में दर्शाई गई है। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए नाबार्ड के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे डायनेमिक समय का ध्यान रखें कि बोलियाँ समय पर प्रस्तुत की जा सकें।

   Date of pre-bid meeting, last date for submission of bids and date of opening of technical bid are indicated in the Schedule of the Tender. Bidders are requested to make note of dynamic time being displayed on e-Procurement portal of NABARD to ensure that the

bids are submitted on time.

10. निविदा को अस्वीकृत किया जाएगा यदि कोई बोलीदाता निर्धारित तकनीकी मापदंड आवश्यकताओं से कोई विचलन प्रस्तावित/किया जाता है।

The tender will be rejected if any bidder proposes/makes any deviation from the prescribed technical criteria requirement.

11. यह ध्यान दिया जा सकता है कि निविदा प्रक्रिया दो-बोली प्रणाली के अंतर्गत होगी, जिसमें पहली बोली 'तकनीकी बोली' एवं दूसरी बोली 'वित्तीय बोली' होगी। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सीपीपीपी पोर्टल (https://eprocure.gov.in) के माध्यम से ही ई-निविदा (ई-बिड) प्रस्तुत करें तथा सीपीपीपी में दर्शाई गई प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं से संबंधित निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।

It may be noted that it will be two bids tendering wherein the first bid will be 'Technical Bid' and second bid will be the 'Financial Bid'. Tenderers are advised to submit e-tender (e-bids) through CPPP portal (https://eprocure.gov.in) only, after carefully following the instructions related to systems and procedures as indicated in CPPP.

12. तकनीकी बीड (भाग-I) में निम्नलिखित समाविष्ट हैं:
Technical Bid (Part-I) i.e. shall contain:

a) ईएमडी काउंटरफॉइल/रसीद/लेन-देन/ई-बीजी/बीजी विवरण या एमएसई प्रमाणपत्र

   EMD Counterfoil/receipt/transaction/e-BG/BG details or MSE certificate
b) निविदा आमंत्रित सूचना /Notice Inviting Tender
c) निविदा जमा करने के लिए आवरक पत्र /Covering letter for submission of Tender
d) निविदा का फॉर्म /Form of Tender
e) ठेकेदारों की प्रारंभिक योग्यता मापदंडों को पूरा करने का प्रमाण /Proof of meeting Pre-qualification criteria of the contractors
f) कार्य का दायरा /Scope of work
g) बोलीदाताओं का सामान्य निर्देश /General Instructions to Bidders
h) सुरक्षा सावधानियों के साथ सामान्य नियम व शर्तें/General terms and conditions with safety precautions
i) तकनीकी विशेषताएँ /Technical Specifications
j) सामग्री/व्यापार के प्रकारों की अनुमोदित सूची /List of approved makes of materials/trade
k) अर्हता मानदंडों को पूरा करने के समर्थन में ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली (अनुबंधक I के भाग I, II, III) जानकारी ।

   Information to be furnished by Contractor (PART I, II, III of Annexure I) in support of fulfilling eligibility criteria.
l) वर्तमान में निम्नलिखित जानकारी जमा किए जाने चाहिए :
   The following documents should be submitted presently:
   i. फर्म के पत्रशीर्ष पर निविदा प्रस्तुत करने के लिए पत्र और अधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित।

      Letter for submission of tender on the firm's letterhead and signed by authorized person.

ii. रु. 200/- रुपये के स्टांप पेपर पर प्री-कॉन्ट्रैक्ट इंटेग्रिटी पैक्ट के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षरित और अपलोड किया गया।

Pre-contract Integrity Pact on Rs.200/- stamp paper, signed on each page and uploaded.

iii. विक्रेता/बोलीदाता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा उनके पत्रशीर्ष पर दिया गया एक उपक्रम, जिसमें यह घोषित किया जाता है कि विक्रेता/बोलीदाता को किसी भी केंद्रीय/राज्य सरकार के संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) द्वारा किसी भी भ्रष्ट या धोखाधड़ीपूर्ण प्रथा के कारण प्रतिबंधित/बहिष्कृत नहीं किया गया है।

An Undertaking by the Authorized Signatory of the Vendor/Bidder, on the letter head of the Vendor/Bidder stating that the Vendor/Bidder has not been debarred/blacklisted by any Central/State Government Organization or PSU for any corrupt and fraudulent practice.

iv. प्रारंभिक धनराशि का विवरण/EMD payment details.

m) बोलीदाता को वित्तीय बोली इस तरह अपलोड करनी चाहिए कि यह सीपीपी पोर्टल पर तकनीकी बोली खोलने के समय न खुले।

Bidder shall upload the Financial Bid in such a way that it does not get opened at the time of opening of technical bid on CPP portal.

13. तकनीकी बोली, NIT में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बोलीदाताओं को किसी अन्य तिथि में दी गयी सूचना के अनुसार खोली जाएगी।

Technical bid will be opened as per schedule given in the NIT or on any other date as intimated to the bidders through online portal.

14. वित्तीय बोली (भाग-II) में शामिल होगा:

Financial Bid (Part-II) shall contain:

a) केवल CPP पोर्टल पर दिए गए फॉर्मेट के अनुसार सही ढंग से भरी गई मात्रा तालिका।

Duly filled Schedule of Quantities as per format only on CPP portal.

b) इसमें किसी भी प्रकार की शर्तें नहीं होनी चाहिए और किसी भी सांविधिक बोली को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

It should not contain any conditions whatsoever and any conditional bids shall be rejected.

c) असंपूर्ण वित्तीय बोली को संक्षेप में अस्वीकार कर दिया जाएगा।

Incomplete Financial Bid would be summarily rejected.

d) यह सुनिश्चित किया जाता है कि वित्तीय प्रस्ताव किसी भी प्रकार से तकनीकी प्रस्ताव के विपरीत न हो। विरोधाभास की स्थिति में, वित्तीय प्रस्ताव तकनीकी प्रस्ताव पर प्रधान रहेगा।

It is ensured that the Financial Bid should not contradict the Technical Bid in any manner. In case of contradiction, Financial Bid will prevail upon the technical bid.

e) यह एक उपयुक्त तारीख को खोला जाएगा, तकनीकी बोली खोलने और उसके परीक्षण के बाद, इसकी सूचना बाद में दी जाएगी।

It will be opened on a suitable date, after opening of technical bid and its scrutiny, it will be communicated later.

f) बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे मूल्य केवल सीपीपी (CPP) पोर्टल में ही उद्धृत करें। उद्धृत मूल्य में निविदा दस्तावेज़ के अनुसार पूरे कार्य क्षेत्र के सभी लागत शामिल होनी चाहिए। निर्दिष्ट किए गए प्रणाली के अलावा किसी अन्य प्रणाली पर आधारित बोलियाँ अस्वीकार कर दी जाएँगी।

Bidders are requested to quote the price in CPP portal itself. The quoted price shall include all the costs for the entire scope of work as per the tender document. Bids based on a system of pricing other than that specified shall be rejected.

g) बोलियों द्वारा उद्धृत बोली मूल्य सभी ठेकेदार की जिम्मेदारियों को शामिल करता है, जो बोली दस्तावेज़ों में उल्लिखित हैं या जिनसे उम्मीद की जा सकती है कि वे लक्षित सेवाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित करने के लिए आवश्यक हैं, एक "एकल जिम्मेदारी" के आधार पर।

बोलीकर्ताओं को बोली दस्तावेज़ों में उल्लिखित वाणिज्यिक, संविदात्मक और तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए मूल्य उद्धृत करने की आवश्यकता है।
The Bid Prices quoted by the bidders covers all the Contractor's obligations mentioned in or to be reasonably inferred from the Bidding Documents to successfully execute the intended services, on a "Single Responsibility" basis. Bidders are required to quote the price for the commercial, contractual and technical obligations outlined in the Bidding Documents.

h) निविदा देने वालों को अपने वित्तीय बोली का हिस्सा के रूप में वित्तीय बोली के साथ संलग्न प्रारूप के अनुसार मूल्य विभाजन सीपीपी पोर्टल पर अपलोड करना होगा, जैसा कि सीपीपी पोर्टल पर उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार है।
Bidders shall upload price breakup as per format attached with the Financial Bid as a part of their Financial Bid on CPP portal as per provisions available on CPP Portal.

15. नाबार्ड, स्वयं को सबसे कम बोली (L1) स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं मानता है। नाबार्ड को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी भी फर्म/फर्मों की किसी भी या सभी निविदाओं को, आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से, बिना कोई कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है।

NABARD does not bind itself to accept the lowest bid (L1). NABARD reserves the right to accept or reject any /all tender/s in part or whole of any firm / firms without assigning any reasons whatsoever.

16. तकनीकी एवं वित्तीय बोलियों तथा संपूर्ण ई-निविदा प्रक्रिया के संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम एवं सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा।
The decision of the bank shall be final and binding with regard to Technical and Financial Bids and the complete e-tendering process.

17. बोलीदाताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि पूर्व-योग्यता मानदंड (Pre-Qualification Criteria) का समर्थन करने वाले सभी संबंधित दस्तावेज़ संलग्न किए गए हों।
Bidders must ensure attachment of relevant documents, supporting the Pre- Qualification Criteria.

18. प्रस्ताव से संबंधित सभी दस्तावेज़ डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट के साथ सीपीपी पोर्टल पर अपलोड किए जाने चाहिए। इन्हें अपलोड करना, निविदा में निर्दिष्ट शर्तों एवं नियमों को बोलीदाता द्वारा स्वीकार किए जाने का प्रमाण (टोकन ऑफ़ एक्सेप्टेंस) माना जाएगा।
All documents that comprise the offer should be uploaded on CPP portal with a digital signature certificate and will be considered as a token of acceptance by the bidder of the terms and conditions specified in the tender.

19. प्रस्तुत की गई बोली, वित्तीय/वित्तीय बोली खोलने की तिथि से 90 दिनों की अवधि तक मान्य रहेगी तथा स्वीकृति हेतु खुली रहेगी।
The submitted bid shall remain valid and open for acceptance for 90 days-from the date of opening of the Financial/Financial Bid.

20. नाबार्ड को निविदा दस्तावेज़ के किसी भी या सभी प्रावधानों में परिवर्तन / संशोधन / संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। ऐसे किसी भी संशोधन/परिवर्तन या परिशिष्ट/परिशोधन (Corrigendum/Addendum), यदि कोई हो, तो केवल CPP पोर्टल और नाबार्ड की वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराए जाएंगे।
NABARD reserves the right to change/modify/amend any or all provisions of the tender document. Such revision/amendment or corrigendum/addendum, if any, will be made available on CPP portal and NABARD's website only.

21. बोलीदाता/बोलीदाता गण ई-निविदा में भाग लेने से पूर्व मौजूदा स्थल तथा अन्य सभी संबंधित परिस्थितियों का अपने पूर्ण संतोष तक निरीक्षण कर सकते हैं/करेंगे।

Bidder/s may inspect the existing site and other conditions up to their satisfaction before e-bidding.

22. सफल बोलीदाता, कार्य आदेश जारी किए जाने की तिथि से 14 दिनों के भीतर, NABARD के साथ मानक/निर्धारित प्रारूप के अनुसार, निर्दिष्ट मूल्य के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर, अपने स्वयं के खर्च पर कार्य अनुबंध हेतु "अनुच्छेदों का समझौता (Articles of Agreement)" निष्पादित करेगा।

The successful bidder shall execute an 'Articles of Agreement' of work contract at its own cost on non-judicial stamp paper of specified value with NABARD in accordance with the standard / prescribed format within 14 days from the date of issue of work order.

23. कार्य आदेश जारी होने के बाद तथा साइट पर कार्य प्रारंभ होने से पूर्व आयोजित की जाने वाली "किक-ऑफ मीटिंग" में ठेकेदार की भागीदारी अनिवार्य होगी। इस बैठक में बोलीदाता को आवश्यक कार्मिकों की व्यवस्था, विभिन्न रजिस्टरों के संधारण, साइट कार्यालय, गोदाम (गोदाउन) आदि से संबंधित आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

The contractor shall participate in the "Kick Off Meeting" which will be held after issuance of work order and before start of work at site. In the meeting, the bidder will be briefed about the requirement of personnel, maintenance of various registers, about site office, go down, etc.

24. सत्यनिष्ठा करार (इंटीग्रिटी पैक्ट) – निविदा में भाग लेने के लिए पात्र होने हेतु निविदादाता को निविदा दस्तावेज़ में दिए गए अनुबंध-V (Annexure V) में निर्धारित प्रारूप के अनुसार ₹200/-के गैर-न्यायिक स्टांप पेपर पर अपने स्वयं के खर्च पर सत्यनिष्ठा करार जमा करना अनिवार्य होगा।
Integrity pact – The tenderer must submit the Integrity pact at its own cost on Rs.200/- non judicial stamp paper as per the format given in Annexure V in the tender document to become eligible to participate in the tender.

25. निविदा से संबंधित किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए आप NABARD के अधिकारियों से dpsp.ranchi@nabard.org पर संपर्क कर सकते हैं।
You may contact officials of NABARD on dpsp.ranchi@nabard.org for any further clarification on the tender.

भवदीय /Yours faithfully,

हस्ता / Sd/-

**(प्रमोद कुमार)**
उप महाप्रबंधक

Signature Not Verified
Digitally signed by Sunny Tudu
Date: 2026.05.15 14:42:30 IST
Location: eProcure-EPROC